




नवभारत
भोपाल, शनिवार 11 अप्रैल 2026


# बागेश्वर धाम में मनाया अनंत अंबानी का जन्मदिन

## गौ पूजन और सुंदरकांड पाठ के साथ मनाया उत्सव, बागेश्वर बालाजी को भोग-प्रसाद किया अर्पित

**छतरपुर, 10 अप्रैल.** देश के प्रतिष्ठित उद्योग समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज के पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी के जन्मदिन के अवसर पर बागेश्वर धाम में भव्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया

**▶ वीडियो संदेश में दी शुभकामनाएं**

गया. इस पावन अवसर पर बागेश्वर सरकार ने वीडियो संदेश जारी कर अनंत अंबानी को शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

जन्मदिन के अवसर पर बागेश्वर बालाजी के श्री चरणों में विशेष भोग-प्रसाद अर्पित किया गया. पूरे दिन धाम में विभिन्न



धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए, जिनमें सुंदरकांड पाठ, 151 हनुमान चालीसा पाठ, गौ पूजन एवं कन्या पूजन प्रमुख रहे. श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर पूजा-अर्चना की.

बागेश्वर धाम के सेवादार ऋषि शुक्ला ने बताया कि पूज्य बागेश्वर सरकार और अनंत अंबानी के बीच आत्मीय संबंध हैं और उन्हें बागेश्वर परिवार का सदस्य माना जाता है. इसी भाव के साथ पूरे धाम में धार्मिक आयोजन संपन्न किए गए. बनारस से आए आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से अनुष्ठान कराए.

इस अवसर पर अन्नपूर्णा परिसर में विशेष प्रसादी भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और अनंत अंबानी के स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की.



# एचपीवी वैक्सीन लगवा कर छात्राओं ने दिखाया उत्साह

## कलेक्टर ने अभिभावकों को समझाकर बढ़ाया टीकाकरण

**छतरपुर, 10 अप्रैल. जिले में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में स्कूलों में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को वैक्सीन लगाई जा रही है, ताकि भविष्य में इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित बचाव सुनिश्चित किया जा सके.**

गुरुवार को कलेक्टर ने नौगांव स्थित सांदीपनि विद्यालय, मानपुरा एवं महाराजपुर के शासकीय हाई स्कूलों में लगाए गए वैक्सीनेशन शिविरों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने उन बालिकाओं और अभिभावकों को समझाइश दी, जो वैक्सीन लगवाने में हिचकिचा रहे थे. कलेक्टर ने वैक्सीन के फायदे बताते हुए इसे सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी और सुरक्षित माध्यम बताया.

**▶ 14-15 वर्ष की बालिकाओं के 100% वैक्सीनेशन के निर्देश**

कलेक्टर की समझाइश के बाद कई अभिभावकों ने आगे आकर अपनी बेटियों को वैक्सीन लगवाई. वैक्सीन लगवाने के बाद छात्राओं ने कलेक्टर के साथ फोटो खिंचवाया और विक्ट्री साइन दिखाकर अभियान के प्रति उत्साह और जागरूकता का संदेश दिया.

> निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वैक्सीनेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी पात्र बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए. इस अवसर पर एसडीएम जी.एस. पटेल, सीएमएचओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# विधवा महिला ने लगाए गंभीर आरोप

**छतरपुर, 10 अप्रैल.** नगर के महाराजपुर थाना क्षेत्र से एक विधवा महिला द्वारा ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाने का मामला सामने आया है. पीड़िता ने शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन सौंपा और न्याय की गुहार लगाई.

**ससुराल पक्ष पर मारपीट, शोषण और गाली-गलौज का लगाया आरोप**

**एसपी ऑफिस में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग**

महिला का आरोप है कि उसके ससुराल के लोगों द्वारा लगातार उसके साथ शारीरिक शोषण, मारपीट और गाली-गलौज की जा रही है. पीड़िता ने बताया कि उसे मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे



> मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है. अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी.

वह काफी परेशान है. आवेदन के माध्यम से महिला ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. पीड़िता का कहना है कि वह पहले भी इस तरह की घटनाओं का सामना कर चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है.

# महिला के बैग से लाखों की चोरी

## बस स्टैंड पर सोने-चांदी के जेवरात और नगदी ले गए चोर

**छतरपुर, 10 अप्रैल. छतरपुर नगर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बस स्टैंड पर चोरी की बड़ी घटना सामने आई है. देवगांव निवासी रश्मि शर्मा के बैग से अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पार कर दी.**

**सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जांच जारी**

जानकारी के अनुसार, महिला बस स्टैंड पर मौजूद थी, तभी मौका पाकर अज्ञात आरोपियों ने उनके बैग से लाखों रुपए के जेवरात और नगदी चोरी कर ली. वारदात का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें संदिग्ध गतिविधियां कैद होने की



बात कही जा रही है. वारदात की जानकारी मिलते ही पीड़ित महिला और उसके परिजनों ने सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई.

पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं.

# परिवार पर राजीनामा का दबाव

**छतरपुर, 10 अप्रैल.** शहर के **टोरिया मोहल्ला में एक परिवार पर राजीनामा करने का दबाव बनाए जाने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है. पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन**

**मारपीट में दो युवक घायल, सीसीटीवी में घटना कैद**

**दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस जांच जारी**

**सौंपकर आरोप लगाया है कि विपक्षी लोग लगातार झूठी शिकायतें कर उन्हें परेशान कर रहे हैं.**

पीड़िता कैलाश बाई के अनुसार, 6 अप्रैल 2026 की शाम करीब 6:40 बजे पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने उनके साथ छीना-झपटी की और उनके नाती सूरज एवं रामकरन के साथ मारपीट की. घटना में दोनों युवकों को चोटें आई हैं, जिनके निशान भी मौजूद बताए जा रहे हैं.

बताया गया है कि यह घटना टोरिया मोहल्ला स्थित कुरयाने स्कूल के पास हुई, जहां लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात कैद होने की बात सामने आई है. पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के बाद पुलिस में झूठी शिकायत कर उन्हें ही फंसाने का प्रयास किया.

# केन-बेतवा प्रोजेक्ट के विस्थापितों का फूटा गुस्सा

## ■ अफसरों को खदेड़ा, जूते-चप्पल छोड़कर भागे ■ क्षेत्र में धारा 163 लागू

**छतरपुर, 10 अप्रैल.** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित विस्थापितों का आक्रोश उग्र रूप में सामने आया. मुआवजा वितरण में कथित भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनदेखी से नाराज आदिवासी एवं किसानों ने प्रदर्शन करते हुए प्रशासनिक टीम को मौके से खदेड़ दिया.

हालात ऐसे बने कि अधिकारियों को अपनी जान बचाकर भागना पड़ा और वे जूते-चप्पल तक मौके पर छोड़ गए. प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि



> प्रशासन का कहना है कि कुछ लोगों द्वारा भीड़ को भड़काया गया, जबकि प्रदर्शनकारी न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दे रहे हैं.

मुआवजा वितरण में बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है. हाल ही में सामने आए पटवारी रिश्वत कांड ने लोगों के गुस्से को और भड़का दिया. ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा और शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही. आरोप है कि प्रशासन ने उनका राशन और पानी तक छीन लिया. इसके बाद ग्रामीणों ने डोधन बांध पर डेरा डालकर 'चिता आंदोलन' शुरू कर दिया, जिसमें प्रदर्शनकारी लकड़ियों की चिता बनाकर उस पर लेट गए.

# ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार, कार्रवाई लंबित

**चंदला, 10 अप्रैल. गौरिहार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हनुखेड़ा में लगभग 200 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण में लापरवाही सामने आई है सीसी रोड माध्यमिक शाला से उपस्वास्थ्य केंद्र तक करीब 6.20 लाख रुपए की लागत से बनाई गई है.**

कार्य में गुणवत्ता का बिलकुल भी ध्यान नहीं रखा गया. सीसी रोड में डस्ट का उपयोग किया गया है, न ही बाइब्रेटर का प्रयोग किया गया है, जिससे हाथ लगाते ही मटेरियल निकल रहा है, इसी कारण से सीसी उखाड़ने लगी है जहां सड़क की निर्धारित मोटाई 8 इंच होनी चाहिए थी लेकिन 3-4 दिखाई दे रही हैं इसके चलते सड़क निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क उखड़ने लगी है.

> **इनका कहना है**
>
> हमें आपके द्वारा जानकारी मिली है मैं स्वयं जाकर निर्माण कार्य की जांच करूंगी और इस पर कार्रवाई की जाएगी
>
> **- मधु प्रजापति, एसडीओ गौरीहार जनपद**

# अस्पताल भवन निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

## कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने महाराजपुर अस्पताल का किया निरीक्षण



**छतरपुर, 10 अप्रैल. कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने महाराजपुर में निर्माणाधीन सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल भवन में आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.**

कलेक्टर ने विशेष रूप से लेबर रूम के पास ही टॉयलेट निर्माण कराने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों और परिजनों को सुविधा मिल सके. इसके साथ ही उन्होंने बकाया कार्यों को तेजी से पूरा करते हुए निर्धारित समय सीमा में अस्पताल का निर्माण पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए.


उन्होंने अस्पताल में क्षमता के अनुरूप नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, सीसीटीवी कैमरा और फायर सेफ्टी जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो.

# युवक ने खाया जहर, मौत

**चंदला, 10 अप्रैल.** चंदला थाना अंतर्गत नाहरपुर निवासी रामविशाल अहिरवार पिता रुद्धा अहिरवार उम्र 22 वर्ष ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई.

**▶ विवाद के चलते उठाया कदम?**

जानकारी के अनुसार पति पत्नी का विवाद चल रहा था, और दोनों चंदला थाना आए हुए थे, कुछ देर तक रुकने के बाद पानी पीने के बहाने युवक गया और वही जहर का सेवन कर लिया. हालत गंभीर होने पर उसे छतरपुर के लिए रेफर किया, लेकिन छतरपुर पहुंचने से पहले ही उसने रास्ते में दम तोड़ दिया. जांच का विषय बना हुआ है कि आखिर युवक ने जहर क्यों खाया. पुलिस का दबाव था या पत्नी के विवाद से उसने यह कदम उठाया. इधर, थाना प्रभारी संदीप दीक्षित का बयान सामने आया है कि उनका आपसी पति पत्नी का विवाद था, हमारे पास कोर्ट से भी नोटिस आया था, हमने उनको समझौता करने के लिए कहा था, तभी पत्नी ने बताया कि उल्टी कर रहा है, तभी तुरंत अस्पताल पहुंचाया. वहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, तभी रास्ते में जहर खाने वाले युवक ने बयान में बताया कि पत्नी ने मुझे मरने के लिए कहा था.



# जांच के घेरे में 6 सीसी रोड

**चंदला, 10 अप्रैल.** गौरीहार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सीलप में वर्ष 2025 में स्वीकृत सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है. पंचायत में बनाए गए लगभग 6 सीसी रोड अब गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में आ गए हैं. ग्रामीणों ने निर्माण कार्यों को घटिया बताते हुए जांच की मांग उठाई है.

जानकारी के अनुसार, पांचवें वित्त आयोग से स्वीकृत इन निर्माण कार्यों पर लाखों रुपए खर्च किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है. सबसे पहले गोरेलाल शिवहरे के मकान से भैयाराम के मकान तक लगभग 300 मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण 5 लाख रुपए की लागत से किया गया. वर्तमान में सड़क की स्थिति खराब हो चुकी है—कई जगहों पर दरारें पड़ गई हैं और कंक्रीट हाथ से ही झड़ रहा है. इसी तरह कामता अनुरागी के घर से प्रकाश अहिरवार के घर तक 200 मीटर सीसी रोड (लागत 4.5 लाख) तथा कामता अनुरागी के घर से कुबेर अहिरवार के घर तक बनाई गई सड़क (लागत 4.98 लाख) भी गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतर रही हैं. पीपल तारे तिराहा में लगभग 200 मीटर सीसी रोड (लागत 5 लाख) के निर्माण में भी लापरवाही सामने आई है. ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य मानक अनुसार नहीं किया गया. इसके अलावा शोभा सिंह से चुन्नू सिंह तक (लागत 6 लाख) और रामदास से राम सजीवन तक (लागत 6 लाख) बनाई गई सड़कों में भी गंभीर खामियां सामने आई हैं. ग्रामीणों का कहना है कि सभी निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है. साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि उपयंत्री एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जांच नहीं की गई और घर बैठे ही मूल्यांकन कर दिया गया. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो सरकारी धन का दुरुपयोग इसी तरह जारी रहेगा.

**▶ ग्रामीणों की मांग**

- **सभी निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच हो**
- **दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए**
- **भविष्य में गुणवत्तायुक्त निर्माण सुनिश्चित किया जाए**

> **इनका कहना है**
>
> आपके द्वारा जानकारी दी गई है उपयंत्री को भेजकर जांच करवाते है कार्रवाई की जाएगी.
>
> **दीपा कोटिस्ताने गौरीहार जनपद पंचायत सीईओ**

**शुभारंभ** | **विधायक कामाख्या प्रताप सिंह और कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने किया उद्घाटन**

# नौगांव में 50 बिस्तरों के सिविल अस्पताल का शुभारंभ

**नौगांव, 10 अप्रैल.** क्षेत्रवासियों के लिए आज दिन स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर साबित हुआ. लंबे समय से प्रतीक्षित 50 बेड की क्षमता वाले सर्वसुविधायुक्त सिविल अस्पताल का औपचारिक शुभारंभ विधायक कामाख्या प्रताप सिंह और कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा फीता काटकर किया गया.

इस अस्पताल के शुरू होने से अब स्थानीय निवासियों को बेहतर इलाज के लिए बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी. उद्घाटन समारोह के दौरान



विधायक सिंह ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पित है.

विधायक ने जोर देते हुए कहा कि यह 50 बेड का अस्पताल क्षेत्र की जनता के लिए सरकार की ओर से एक बड़ी भेंट है, जिससे समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित होगा. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जैसवाल ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि वर्तमान में उपलब्ध सुविधाओं के अतिरिक्त, अस्पताल में जिन भी आधुनिक मशीनरी, चिकित्सकीय उपकरणों और अन्य संसाधनों की आवश्यकता है, उन्हें जल्द ही प्रशासनिक प्रक्रिया के माध्यम से पूरा किया जाएगा. उन्होंने बीएमओ को अस्पताल परिसर की साफ-सफाई और मरीजों की देखभाल के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए.

> **ये रहे उपस्थित**
>
> इस ऐतिहासिक अवसर पर एसडीएम जी.एस. पटेल, सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता, बीएमओ डॉ. रविन्द्र पटेल के साथ-साथ नगरपालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, जनपद अध्यक्ष हेमलता पाठक और विभिन्न वार्डों के पार्षदगण उपस्थित रहे. नगर के गणमान्य नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया है.